

## नेहरू नगर जैन महिला परिषद ने बांटे सकोरे

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

प्रत्येक वर्ष की भाँति गर्मियों में जीव दया हेतु सकोरों का वितरण किया गया और जीव दया के लिए प्रत्येक घरों में पशु पक्षियों। हेतु दाना और पानी रखने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ निकट समय में संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी बहनों द्वारा बड़े उत्साह के साथ चुनाव में भाग लेकर मतदान करने और लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करने का जागरूकता अभियान चलाने की भी प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर नेहरू नगर आखिल भारतीय दिगबंर जैन महिला परिषद की अध्यक्ष दीप्ति जैन,सचिव माधुरी जैन,कोषाध्यक्ष सारिका जैन साहित महिला परिषद की सदस्य मौजूद थी।

### भोपाल के कलाकारों ने निभाई है भूमिका

## कर्ज के मर्ज से बचने का संदेश देती है 'डेवालो'

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

भाषाई फिल्मों के निर्माण का सिलसिला कुछ थम सा गया था जो फिर शुरू हुआ है।मध्य प्रदेश में तीन चार वर्ष बाद डेवालो नाम से नई सिंधी फिल्म प्रेम सावलानी के निर्देशन में प्रदर्शित हुई। इसमें राजधानी के सिंधी रंगमंच के कलाकारों ने भी अभिनय किया है। व्यापार क्षेत्र में समय-समय पर अवमूल्यन की घटनायें देखने को मिलती है, जब अधिक मुनाफा कमाने और कर्ज के पैसे पर ऐशो आराम की जिंदगी जीने की नव धनाढ्य लोगों की प्रवृत्ति आत्मघाती बन जाती है। फिल्म का कथानक ऐसे ही एक व्यापारी परिवार से जुड़ा है। बाजार से लिए गए कर्ज का पैसा ना लौटा पाने पर निराशा से ग्रस्त होकर खुद को दिवालिया घोषित करने और परिवार के सदस्यों द्वारा खुदकुशी जैसे कदम उठाने को कहानी का आधार बनाया गया है। कुछ व्यापारियों की वजह से बाजार व्यवस्था और व्यापार क्षेत्र की छवि भी खराब होती है। उद्योग व्यापार में निवेश के लिए ऋण देने का भरोसा भी टूटता है। फिल्म साफ सुथरा व्यापार करने का संदेश देती है। कोरोना काल के पश्चात बनी यह प्रथम






सिंधी फिल्म है। इसके लेखक मुरली बलवानी हैं। राजधानी में इसका प्रथम प्रदर्शन रंग महल सिनेमा घर में हुआ। पूजा अर्चना में समाजसेवी श्री चंदर लालचंदानी,पूर्व प्रमुख सचिव विधानसभा श्री भगवान देव इसरानी, सेवानिवृत्त आईपीएस एम आर आसुदानी शामिल हुए और फिल्म निर्देशक,स्क्रीन राइटर और कलाकारों को बधाई दी। दर्शकों द्वारा फिल्म पसंद की गई। भारती ठाकुर,कविता इसरानी,परसो नाथानी , मीता जेसवानी,सुरेश पारवानी , गुल पहलाजानी, कमलेश नाथानी जैसे मंझे हुए रंग कर्मियों का अभिनय सराहा गया। भोपाल थियेटर के कलाकारों का स्वागत भी किया गया।फिल्म के एक पात्र स्व डा राजेंद्र मोटवानी को श्रद्धांजलि दी गई। फिल्म एक सप्ताह चलेगी।

## जनसंपर्क विभाग के वाधवा को मिलेगा लोक संपर्क सम्मान



**राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस कल**

**भोपाल।** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर द्वारा कल आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक जीएस वाधवा को लोक संपर्क सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान कार्यक्रम रवीन्द्र भवन भोपाल के गौरांजनी सभागार में सुबह साढ़े दस बजे से आयोजित होगा। पीआरएसआई भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया है कि राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ' 'सनातन मूल्य और उभरता भारत ''जनसंपर्क के परिप्रेक्ष्य में'' विषय पर विशेष व्याख्यान का भी आयोजन किया जाएगा। पीआरएसआई भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पत्रकारिता मीडिया, टी.वी. मीडिया और कार्पोरेट मीडिया में कार्यरत महिला पत्रकारों, टीवी एंकरों और जनसंपर्क प्रोफेशनल्स को अचला और उदिता सम्मान सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में पद्मश्री वैद्य डॉ. बालेन्द्र प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेडी श्रीराम कॉलेज नई दिल्ली पत्रकारिता विभाग की प्रमुख डॉ. वर्तिका नन्दा और वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विशलेषक गिरिजा शंकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## क्रेजी ग्रुप के आयोजन में दिखी अनेकता में एकता की झलक

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल

अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। देश में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव विविध रूपों में मनाए जाते हैं, राष्ट्र की अनेकता में एकता की इसी थीम पर क्रेजी ग्रुप ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्यत: भारत देश में के विभिन्न प्रांतो में नव वर्ष संचार हेतु किए जाने वाले समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई । यह जानकारी देश की सांस्कृतिक विरासत के साथ ही महिलाओं के द्वारा पहने गए परिधानों एवं संबंधित प्रति के नृत्य व गायन पर आधारित रही। देश भर के प्रमुख त्यौहारों की झलक इस आयोजन में देखने को मिली जैसे पंजाब में बैसाखी का नए वर्ष के आगमन की खुशी में मनाया जाता है जहां पर फसल काटी जाती है एवं सभी और खुशहाली का माहौल बना रहता है इसी तरह कर्नाटक तेलंगाना आंध्र प्रदेश तमिलनाडु और केरल में नव वर्ष के आगमन की खुशी में उगादि पर के रूप में मनाया जाता है महाराष्ट्र में



इसे गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं और सिंधी बंधु इस दिन को चेती चंद भी कहते हैं. वही पूर्वोत्तर राज्य असम में इस पर को बिहू पर्व के नाम से मनाया जाता है बैसाखी चेटीचंड उगादि गुड़ी पड़वा बिहू सब एक ही दिन मनाया जाता है यही भारतवर्ष की खूबसूरती है कि विभिन्न प्रति में मनाई जा रहे सारे कार्यक्रम अनेकता में एकता के रूप में स्वरूप में प्रदर्शित किए जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीरजा अरोरा ने किया। आयोजन की थीम श्रीमती अनामिका कुमार , प्राची पांडे, सुनीता व्यास, संगीता मिश्रा ,नीरू, वानी सभी ने मिलकर तैयार की।

## रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय का प्रतिष्ठा आयोजन "शोध शिखर 2024" 3-4 मई को

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय व सहयोगी संस्थाओं द्वारा अंतर्राष्टीय शोध और नवाचार सम्मेलन''शोध शिखर 2024''का आयोजन 03 और 04 मई 2024 को विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। यह शोध शिखर का तृतीय संस्करण है। इस वर्ष का विषय ''विकसित भारत-नया भारत'' है। यह सम्मेलन सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल, लोकल टू ग्लोबल, नई शिक्षा नीति, डिजिटल इंडिया, एमएसएमई, क्लीन एनर्जी, मिशन वाटर, पॉल्यूशन कंट्रोल, स्मार्ट सिस्टम्स, डिफेंस सिस्टम, साईबर सिक्योरिटी, बिजनेस मॉडल जैसे राष्टीय मिशनों में शोध के माध्यम से योगदान को प्रोत्साहित करेगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शोध शिखर के अंतर्गत रिसर्च पेपर 'अनुशोधन' और रिसर्च प्रोजेक्ट'नवनिर्माणी' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनी कांत ने बताया कि विकासशील भारत से विकसित भारत बनाने की दिशा में यह सम्मेलन एक मील का पत्थर साबित होगा। वहीं कुलसचिव डॉ. विजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध शिखर के माध्यम से युवाओं को एक नया प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है।

### सच अलर्ट



प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स के लिए देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप, अवार्ड और प्रतियोगिताओं की जानकारी अब buddy4study के सहयोग से सच एक्सप्रेस पर। आवेदन के लिए लिंक करें www.buddy4study.com

#### ब्रिटिश काउंसिल स्कॉलरशिप फॉर वूमेन इन स्टेम 2024

- विवरण: ब्रिटिश काउंसिल स्कॉलरशिप फॉर वूमेन इन स्टेम 2024 प्रोग्राम ब्रिटिश काउंसिल एवं यु.के. विश्वविद्यालयों की साझेदारी के अंतर्गत यु.के. के चुने हुए विश्वविद्यालयों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित स्टेम पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने वाली महिलाओं हेतु एक अवसर है।
- मानदंड: कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्ट देश की महिलाओं के लिए उपयुक्त है। आवेदकों के पास स्टेम स्टेम विषय में स्नातक की डिग्री होना अनिवार्य है, तथा भाग लेने वाले यु.के. विश्वविद्यालय में पूर्व-चयनित स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश सुनिश्चित होना चाहिए। आवेदकों को वित्तीय सहायता/सामाजिक-आर्थिक ज़रूरत साबित करनी होगी। यु.के. में स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए आवेदकों को अंग्रेजी भाषा में दक्षता अनिवार्य है।
- इनाम/लाभ: फुल ट्यूशन फीस, लिविंग स्टाईपेंड एवं अन्य लाभ
- अंतिम तिथि: 30-04-2024
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/BCSM1

#### द अनंत फ़ेलोशिप 2024-25

- विवरण: द अनंत फेलोशिप 2024-25 प्रोग्राम एक अवसर है, जो अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी (भारत की पहली डिज़ाइन एक्स यूनिवर्सिटी) द्वारा किसी भी विषय में स्नातक डिग्री धारकों के लिए प्रस्तावित है। एक वर्ष का वैश्विक स्नातकोत्तर कार्यक्रम छात्रों को समस्याओं का समाधान ढूढ़ने हेतु तैयार एवं सशक्त बनाता है, जो निर्मित परिसरों का समुचित डिज़ाइन, निर्माण एवं संरक्षण कर सकते हैं।
- मानदंड: किसी भी विषय में स्नातक डिग्री धारकों के लिए उपयुक्त है, जो निर्माण परिसर में सुधार हेतु प्रतिबद्ध हैं। आवेदकों के पास पुख़्ता शैक्षणिक रिकॉर्ड एवं अतिरिक्त शैक्षिक उपलब्धि होना अनिवार्य है।
- इनाम/लाभ: 100 प्रतिशत तक ट्यूशन फीस एवं अन्य लाभ प्राप्त
- अंतिम तिथि: 31-07-2024
- आवेदन कैसे करें: इसके लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।
- आवेदन लिंक:www.b4s.in/sach/TAFM1

# सच ग्लैमर





## ओरी का कूल लुक तो माहिरा ने दिखाया गजब का अंदाज

हर दिन सोशल मीडिया पर बॉलीवुड सेलेब्स से लेकर टीवी इंडस्ट्री के कई स्टार्स के लुक वायरल होते हैं, जिनको बेहद पसंद किया जाता है। हाल ही में ऐसे ही कुछ सेलेब्स के लुक वायरल हो रहे हैं, जिनको बेहद पसंद किया जा रहा है। वायरल हो रही तस्वीरों में सेलेब्स के गजब लुक्स और शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है, जिनको बेहद पसंद किया जा रहा है। चलिए नजर डालते हैं उनकी वायरल हो रही तस्वीरों में दिख रहे स्टाइल पर।

बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। इस दौरान एक्ट्रेस एक दम सिंपल लुक में नजर आए, जो उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। उनके इस अंदाज को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एक्टर डार्क ग्रे टी-शर्ट और जींस में नजर आ रहे हैं, जिसके साथ एक्टर ने एक कैप भी कैरी कर रखी है, जो उनके लुक को और कूल बना रही है। तस्वीरों को बेहद पसंद किया जा रहा है। टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस माहिरा शर्मा भी हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। इस दौरान एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत और सिंपल लुक में नजर आईं, जिन्होंने वहां मौजूद पैपराजी को खूब ध्यान खींचा। एयरपोर्ट पर एक्ट्रेस ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने पैप्स को खूब सारे पोज भी दिए। उनकी तस्वीरों को भी बेहद पसंद किया जा रहा है। शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्म जवान का टाइटल ट्रैक कंपोज करने करने वाली सिंगर और रैपर राजा कुमारी शर्मा भी हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। इस दौरान सिंगर व्हाइट शर्ट के साथ जींस और ब्लैक लॉन्ग ओवरसाइज जैकेट कैरी किए नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपने बालों को बांधा हुआ है और सनग्लासेस लगा रखे हैं। उनके इस लुक को भी बेहद पसंद किया जा रहा है। अक्सर ये बॉलीवुड सेलेब्स और स्टार किड्स के साथ नजर आने वाले ओरी उर्फ ओरहान अवत्रामानी भी हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। इस दौरान ओरी ग्रीन टी-शर्ट और लाइट कलर के शॉर्ट्स में नजर आ रहे हैं। साथ ही ओरी ने अपने बालों को बांधा हुआ है और हाथ में अपना फोन पकड़ा हुआ है। इस दौरान ओरी ने वहां मौजूद पैप्स को खूब सारे पोज भी दिए। यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर एल्विश यादव भी हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। इस दौरान एल्विश काफी शानदार स्टाइल कैरी किए नजर आ रहे हैं। एल्विश ब्लैक टी-शर्ट के साथ ब्लैक पैंट और डेनिम जैकेट कैरी किए नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने ब्लैक सनग्लासेस लगा रखे हैं और लगेज बैग पकड़ा हुआ है। उनके इस लुक को भी काफी पसंद किया जा रहा है।



## दीपिका पादुकोण ने लेडी सिंघम बन किया फैंस को इंप्रेस

रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन से दीपिका पादुकोण का लुक शेयर कर इंटरनेट पर खलबली मचा दी है। साथ ही रोहित ने बहुत खास कैप्शन भी लिखा है। पुलिस की वर्दी में दीपिका पादुकोण बहुत दमदार दिख रही हैं। बता दें कि रोहित शेट्टी की फिल्म में पुलिस ऑफिसर का रोल निभाने वाली दीपिका पादुकोण पहली एक्ट्रेस हैं।

रोहित शेट्टी ने कुछ देर पहले फैंस के साथ दीपिका पादुकोण का नया लुक शेयर किया है। फोटो में एक्ट्रेस आईकोनिक पोज देती दिख रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, माय हीरो। रियल में भी और रील में भी। लेडी सिंघम।% बता दें कि कुछ दिन पहले ही दीपिका की शूट से तस्वीरें भी सामने आई थी, जो मिनटों में वायरल हो गई थी।

बता दें कि दीपिका पादुकोण इस फिल्म में पुलिस ऑफिसर का रोल निभाती नजर आएंगी। अजय देवगन की तरह फैंस उनके दमदार रोल देखने के लिए भी बहुत एक्साइटेड हैं।सिंघम अगेन में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और करीना कपूर जैसे सितारे भी नजर आएंगे। पोस्टर में वो आंख पर चश्मा लगाई दिख रही हैं। बता दें कि फिल्म सिंघम अगेन से जुड़ा हर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रह है। मेकर्स के साथ-साथ फैंस को भी इस मूवी से बहुत उम्मीदें हैं।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने कुछ दिन पहले ही फैंस के साथ पोस्टर शेयर कर प्रेग्नेंसी का जानकारी दी थी। कुछ समय में दोनों पेरेंट्स बन जाएंगे। फैंस कपल से गुड न्यूज सुनने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं।

